शुक्रवार

20 जनवरी 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




दहेज प्रथा के खिलाफ चलाते रहें अभियानः नीतीश कुमार 2


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


### समाधान यात्राः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भोजपुर जिले का भ्रमण कर विकास योजनाओं का लिया जायजा

# पूरे बिहार में हो मछली पालन का काम: नीतीश

**केटी न्यूज/आरा**

मुख्यमंत्री ने भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड की कुल्हड़िया पंचायत के सकड्डी ग्राम में त्रिशा, त्रिशान इंडस्ट्री के तहत स्थापित एक्वाकल्चर पौंड एंड बायोफ्लॉक फिश फार्मिंग प्रशिक्षण एवं रिसर्च केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया, फिर तालाब में मछली डालकर इस सेंटर में मछली पालन का शुभारंभ किया। उन्होंने मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यकी विकास योजना के अंतर्गत मत्स्य विपणन कार्यक्रम के तहत लाभुकों को वाहन का वितरण किया एवं तीन लाभुकों को क्रमशः 20 हजार रुपये, 28 हजार रुपये और 8 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो-जो चीजें शुरू की गई हैं, उन्हीं सब को विभिन्न जगहों पर जाकर हमलोग देख रहे हैं। बहुत अच्छा काम हो रहा है। जीविका की दीदियों को जो जिम्मेदारी हमलोगों ने दी है उसको वो लोग बेहतर तरीके से कर रही हैं। इससे उनकी आमदनी भी बढ़ी है। पहले बिहार में बाहर से मछली लायी जा रही थी। पहले बिहार की क्या हालत थी। जब हमलोगों ने कृषि रोडमैप के तहत मछली पालन शुरू कराया तो कितना फायदा हुआ है। तीसरे कृषि रोडमैप में यह लक्ष्य निर्धारित किया गया था कि बिहार में जितना मछली के उत्पादन की जरूरत है, वह पूरा कर लिया जायेगा। उसी के अनुरूप अभी बहुत कम काम बचा हुआ है, इस साल वो लक्ष्य भी पूरा हो जायेगा। अब बिहार से भी मछली दूसरी जगहों पर भेजी जा रही है।



### जो भी काम हो वह ठीक ढंग से हो

इको टूरिज्म से संबंधित सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। जितने लोग आएंगे और इसे देखेंगे उससे लाभ ही होगा। मिथिलांचल, चंपारण और उसके बाद अब शाहाबाद में मछली पालन किए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य है कि पूरे बिहार में यह काम हो। अब तक तीन कृषि रोड मैप का काम पूरा हुआ है। चौथे कृषि रोडमैप का काम शुरू होने वाला है। हमलोगों की सोच है कि जो भी काम हो वह ठीक से हो और उसका मेंटेनेंस भी हो। मेंटेनेंस नहीं होने से नुकसान होता है।

### धनडीहा के बच्चों से पढ़ाई का हाल जाना

कोईलवर प्रखंड के धनडीहा ग्राम स्थित मिशन कायाकल्प के तहत राजकीयकृत प्लस टू विद्यालय का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की। छोटे बच्चों ने खेल-खेल में ही पढ़ने के तरीके से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस दौरान बच्चों से बात कर और उनके साथ समय बिताकर मुख्यमंत्री काफी खुश नजर आए। सीएम ने विद्यालय के विभिन्न कमरों, पुस्तकालय, कॉमन रूम एवं पूरे परिसर का बारिकी से निरीक्षण किया और शिक्षकों से भी पढ़ाई और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में पूरी जानकारी ली।

### एक बच्चे ने सीएम की बनाई पेंटिंग भेंट की

मुख्यमंत्री ने डिजिटल क्लास रूम का भी जायजा लिया और तकनीक के माध्यम से दी जा रही मुख्यमंत्री ने उन्नयन स्मार्ट क्लास रूम का भी निरीक्षण कर वहां पढ़ रहे बच्चों से बात की और उनकी सराहना की। उसी क्लास में पढ़ रहे एक बच्चे ने मुख्यमंत्री का बनाया हुआ पेंटिंग उन्हें भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में लगाये गये सोलर प्लेट के संबंध में भी जानकारी ली और इस व्यवस्था की प्रशंसा की। शिक्षा की जानकारी ली तथा क्लास रूम में पढ़ रहे बच्चों से बात की।

### सभी सरकारी स्कूलों को और बेहतर बनाना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों को प्लस टू स्तर तक का बनाया जा रहा है ताकि बच्चे-बच्चियां ठीक से पढ़ें और आगे बढ़ें। इस स्कूल को और विकसित किया गया है उसे ही देखने हमलोग यहां आये हैं। अब गांवों में भी स्मार्ट क्लास में पढ़ाई हो रही है। बच्चों को एक-एक चीज की जानकारी दी जा रही है। स्कूलों में खेलकूद की भी व्यवस्था की गई है। इस स्कूल में सौर ऊर्जा से बिजली मिल रही है। हम हमेशा कहते रहे हैं जितने भी सरकारी भवन हैं उनकी छतों पर सोलर प्लेट लगाईये। यहां भी सोलर लाइट देखकर मुझे काफी खुशी हुई है। इस स्कूल को जितनी बिजली की जरूरत है वह सोलर इनर्जी से पूरी हो जा रही है। इस तरह के विद्यालय सभी जगहों पर बनाये जाने हैं। इसको लेकर पैसे का एलॉटमेंट कर दिया गया है। बिहार के सभी सरकारी स्कूलों को और बेहतर बनाना है। शिक्षकों की बहाली भी की जा रही है। बिहार में पढ़ाई और लोगों के इलाज के लिए भी व्यवस्था की गई है। दवा की उपलब्धता भी करायी गयी है। लोगों की उन्नति को लेकर कई काम किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत संदेश में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तीकरण छात्र योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को ट्राई साइकिल की चाबी प्रदान की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमां खान, विधायक किरण देवी व अन्य मौजूद थे।

### जीविका समूह को 81 लाख रुपये का दिया चेक

मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत संदेश के तीर्थकौल गांव पहुंचे और वहां के किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिये। सतत जीविकोपार्जन योजना की लाभार्थी जीविका दीदियों से मुख्यमंत्री ने मुलाकात की और उनके द्वारा लगाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने जीविका समूह को 81 लाख 31 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री की सराहना की और कहा कि पहले हमलोग मड़ई में रहते थे लेकिन जीविका समूह से जुड़ने के बाद अब हमलोगों का घर बन गया है। मुर्गी पालन, किराना दुकान एवं अन्य जीविकोपार्जन के कार्य कर रही जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये सब आपकी बदौलत हुआ है। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि हमलोग शराबबंदी से बहुत खुश हैं और लोगों को शराब नहीं पीने के लिए लगातार प्रेरित कर रहे हैं। जीविका द्वारा किए जा रहे कार्यों को जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष गीत के माध्यम से प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने एकता जीविका महिला संगठन के कार्यालय को भी देखा और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जीविका दीदियों से जानकारी ली। वहां मौजूद बिहार महादलित विकास मिशन के सदस्यों को मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोग समाज सुधार अभियान चलाते रहिए और लोगों को जागरूक करते रहिए।

## किसानों और नौजवानों पर हिंसा करवा रही नीतीश सरकार : चौबे

### केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने सीएम पर बोला हमला



**केटी न्यूज/पटना**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे इन दिनों सीएम नीतीश कुमार पर लगातार पर हमला बोल रहे हैं। गुरुवार को अश्विनी चौबे पटना के जेपी गोलंबर स्थित जेपी मूर्ति के नीचे मौन व्रत पर बैठ गए। वह बक्सर में किसानों पर हुई पुलिस लाठीचार्ज के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार सरकार कुछ भी सुनना नहीं चाह रही है। किसानों और नौजवानों पर हिंसा करवा रही है। रामचरितमानस का बिहार में अपमान हुआ। सरकार ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। जनता की तरफ से मौन रखकर जवाब दूंगा। अश्विनी चौबे ने कहा कि मौन में बहुत ताकत है। 24 जनवरी को दरभंगा में मौन व्रत रखूंगा। जहां-जहां मुख्यमंत्री समाधान यात्रा पर गए हैं वहां-वहां जाकर मौन व्रत रखूंगा। नीतीश कुमार बक्सर में समाधान यात्रा के दौरान गए, लेकिन किसानों से नहीं मिले। व्यवधान उत्पन्न करना ही नीतीश कुमार का काम है। नीतीश कुमार जेपी सेनानी हैं और उनके ही सिद्धांतों को भूल गए। केंद्रीय योजनाओं को लटका रहे हैं, भटका रहे हैं।

### नीतीश कुमार सामंती हो गए हैं : सम्राट

बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी अश्विनी कुमार के साथ मौन व्रत में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार अराजकता के दौर से गुजर रही है। गरीब किसानों के साथ अन्याय कर रही है। चौधरी ने कहा कि अगर किसान आज जमीन दे रहे हैं, तो सरकार भी किसानों को आज की डेट में मुआवजा निर्धारित करे और बक्सर में बन रहे थर्मल पावर प्लांट में सबसे पहले स्थानीय लोगों को सेवा का मौका दें, वहां के मजदूरों को नौकरी दे। चौधरी ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार अब सामंती हो गए हैं।

## बिहार में राजस्व अधिकारी भी अब कर सकेंगे दाखिल-खारिज

**एजेंसी/पटना**

बिहार में लैंड म्यूटेशन की ऑनलाइन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने नई व्यवस्था लागू की है। राज्य सरकार ने जमीन दाखिल खारिज को लेकर बड़ा फैसला लिया है। राजस्व अधिकारी को भी अब अंचल अधिकारी की शक्ति दी गई है यानी कि आरओ अब दाखिल खारिज कर सकते हैं। अंचल अधिकारी की तरह इनके पास भी अब ये पावर होगा। इसके लिए पटना, भागलपुर समेत पांच राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट लागू किया गया है।

बिहार सरकार का कहना है कि दाखिल खारिज मामले में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती है। राज्य सरकार ने ऑनलाइन दाखिल-खारिज को लेकर मौजूदा व्यवस्था में बदलाव करते हुए आरओ को सीओ की शक्ति प्रदान कर दी है। हालांकि इनके बीच कार्य का बंटवारा हलका के अंक के आधार पर होगा। सम संख्या (2,4,6) वाले हलका का काम आरओ करेंगे तो विषम संख्या ( 1, 3, 5) वाले हलका का दाखिल-खारिज सीओ करेंगे। इसमें फीफो का पालन करना जरूरी है। दाखिल खारिज में अब विलंब नहीं होगा और पारदर्शिता सुनिश्चित करनी होगी। दाखिल खारिज के लिए सॉफ्टवेयर में वादों का निष्पादन के क्रम में प्रतिवेदन खेसरा पर कुल दायर वादों से संबंधित सूची और उसकी अद्यतन की स्थिति को प्रदर्शित करना होगा।

## अररिया में दुकान का शटर काट 50 लाख के गहनों की चोरी

**अररिया।** अररिया के काली मंदिर चौक पर अजय ज्वेलर्स में शटर काटकर भीषण चोरी की घटना हुई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 50 लाख रुपये से अधिक कीमत के आभूषण पर चोरों ने हाथ साफ किया है। इस चोरी की घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। हालांकि छानबीन करने पहुंची पुलिस का कहना है कि जिस जगह पर ज्वेलरी दुकान है, वह पूरी जगह पूरी तरह अस्त व्यस्त है। यहां तक कि जिस ज्वेलरी दुकान में चोरी हुई है, उसमें सिर्फ आगे से शटर लगा हुआ है। जबकि पीछे खुला हुआ है। जिसमें शोकेस में चांदी के गहने लगे थे। यही गहने चोर ले गए।

## गोवा-मुंबई हाईवे पर सड़क हादसे में 22 लोगों की मौत

**एजेंसी/मुंबई**

गोवा-मुंबई हाईवे पर गुरुवार सुबह दो सड़क हादसे हुए। कणकवली के पासे एक प्राइवेट बस के पलटने से 13 पैसेंजर्स की मौत हो गई, जबकि 23 लोग घायल बताए जा रहे हैं। बस में 36 लोग सवार थे। उधर, एक कार और ट्रक की टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई, इसमें एक 4 साल का बच्चा भी शामिल है।

**पहला हादसाः** गोवा-मुंबई हाईवे पर कणकवली के पास एक प्राइवेट बस पटल गई। इस हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 23 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान 9 अन्य लोगों की मौत हो गई। इस तरह हादसे में मरने वालों की संख्या 13 हो गई है। बस में 36 लोग सवार थे। शुरूआती जांच में पता चला है कि ड्राइवर का नियंत्रण बिगड़ने से हादसा हुआ है।

**दूसरा हादसाः** मुंबई-गोवा हाईवे पर गुरुवार की सुबह 5 बजे एक कार और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक 4 साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई है। उसे इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये सभी अपने रिश्तेदार के निधन पर शोक सभा में शामिल होकर रत्नागिरी लौट रहे थे।

### शिक्षा की वार्षिक स्थिति पर एएसईआर रिपोर्ट जारी, देशभर के 616 जिलों के सरकारी स्कूल में किया गया सर्वे

# अटेंडेंस के मामले में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार सबसे पीछे

**एजेंसी/नई दिल्ली**

शिक्षा की वार्षिक स्थिति पर एएसईआर रिपोर्ट जारी की गई है। एएसईआर 2022 की रिपोर्ट के अनुसार अटेंडेंस के मामले में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार सबसे पीछे है। यह आंकड़े देशभर के 616 जिलों के सरकारी स्कूल में सर्वेक्षण के बाद पता चला है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि महामारी के दौरान लंबे समय तक स्कूल बंद रहे। इसके बावजूद 2018 के बाद से सरकारी स्कूलों में नामांकन में तेजी के साथ स्कूल नामांकन के आंकड़े बढ़े हैं। वर्तमान में छह से 14 वर्ष के आयु वर्ग के नामांकित नहीं बच्चों का अनुपात 2018 में देखे गए अनुपात से लगभग आधा है। वहीं शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद से दशक में सबसे कम है।



एएसईआर के सर्वे में भारत में कुल 19,060 गांवों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमें 3,74,544 परिवार और तीन से 16 वर्ष की आयु के 6,99,597 बच्चे शामिल हैं। वहीं भारत में स्कूल न जाने वाली लड़कियों का अनुपात 2022 में अब तक के सबसे निचले स्तर दो प्रतिशत पर आ गया है। 2006 में 11-14 आयु वर्ग की स्कूल से बाहर लड़कियों के प्रतिशत के लिए राष्ट्रीय आंकड़ा 10.3 फीसदी था, जो अगले दशक 2018 में गिरकर 4.1 फीसदी हो गया और यह अनुपात लगातार गिरता जा रहा है। चार साल बाद 2022 में 11-14 आयु समूह के तहत स्कूल न जाने वाली लड़कियों का आंकड़ा दो प्रतिशत है। यह आंकड़ा उत्तर प्रदेश में लगभग चार प्रतिशत है और अन्य सभी राज्यों में कम है।

वहीं सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि स्कूलों में छात्र और शिक्षक दोनों की अटेंडेंस स्थिर रही है। बच्चों की उपस्थिति का आंकड़ा 72% के करीब है, जबकि शिक्षकों के मामले में यह आंकड़ा 85% से थोड़ा ज्यादा है। सबसे कम अटेंडेंस वाले राज्यों में यूपी, एमपी, बिहार, त्रिपुरा हैं, जबकि महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज की गई है। वहीं रिपोर्ट में ट्यूशन लेने वाले छात्रों में भी बढ़ोतरी दिखाई गई है. 2018 से 2022 के बीच सभी राज्यों में ट्यूशन क्लासेस लेने वाले छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और त्रिपुरा में कोई बदलाव नहीं है।




# 9 मई को राजकीय समारोह के रूप में मनेगा महाराणा प्रताप का जन्म दिवस

## सीएम ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का किया लोकार्पण



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना के फ्रेजर रोड स्थित एसपी वर्मा रोड के मुहाने पर निर्मित पार्क में शूरवीर महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर नवनिर्मित पार्क का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन-संपर्क मंत्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेसी सिंह, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी पटना डॉ० चंद्रशेखर सिंह उपस्थित थे।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप साहब की प्रतिमा आज यहां स्थापित की गई है। आज के ही दिन उनकी मृत्यु हुई थी। महाराणा प्रताप के जन्मदिन के अवसर पर राजकीय समारोह आयोजित किया जाता है। 9 मई को जन्मदिन के अवसर पर महाराणा प्रताप राजकीय समारोह हर वर्ष आयोजित किया जायेगा। महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर भी राज्य भर में समारोह आयोजित किये जाते हैं। देश में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। हमलोग चाहते हैं कि नई पीढ़ी के लोगों को भी महाराणा प्रताप के बारे में सबकुछ मालूम हो।

### शिलापट्ट में मंत्री लेशी सिंह का नाम नहीं

महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में क्रेडिट लेने में प्रोटोकॉल से खिलवाड़ किया गया है। महाराणा प्रताप की प्रतिमा अनावरण शिलापट्ट पर खाद्य आपूर्ति मंत्री लेशी सिंह का नाम दर्ज नहीं था. जबकि वह कार्यक्रम में मौजूद थीं। उल्टे जेडीयू के एमएलसी संजय सिंह का नाम मोटे अक्षरों में लिखा गया था। बड़ा सवाल यही है कि क्या भवन निर्माण विभाग जेडीयू एमएलसी को क्रेडिट देने के चक्कर में इतना अंधा हो गया कि प्रोटोकॉल भी भूल गया। भवन निर्माण विभाग की तरफ से राजधानी के महाराणा पार्क में प्रतिमा स्थापित की गई है। पैसा सरकार का खर्च हुआ और उपलब्धि सत्ताधारी जेडीयू के एक विधान पार्षद लेते दिखे। प्रतिमा अनावरण शिलापट्ट पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावे डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, मंत्री विजय चौधरी और अशोक चौधरी का नाम दर्ज था। लेकिन कार्यक्रम में मौजूद खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री लेशी सिंह के नाम का उल्लेख नहीं था। जबकि उन्होंने कार्यक्रम में आने की पहले ही सहमति दे दी थी।

## समाधान यात्रा के क्रम में भोजपुर जिले की जीविका दीदियों के साथ सीएम नीतीश ने किया संवाद, बोले

# दहेज प्रथा के खिलाफ चलाते रहें अभियान

**केटी न्यूज/आरा**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को समाधान यात्रा के क्रम में भोजपुर जिले की जीविका दीदियों के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। नागरी प्रचारिणी, आरा में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में जीविका दीदियों ने हिस्सा लिया। संवाद कार्यक्रम में जीविका समूह के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाली 7 जीविका दीदियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किये। सभी ने जीविका समूह से जुड़ने के बाद जीवन स्तर में हुए बदलाव को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान जीविका दीदी मंजू कुमारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मेरे घर की स्थिति बहुत खराब थी। दो वक्त की रोटी भी नहीं मिल पा रही थी लेकिन जीविका से जुड़ने के बाद मेरी जिंदगी में बदलाव आया। शुरू में समूह से 1000 रुपये कर्ज लेकर हथौड़ी, आरी, बसूली खरीदकर खुरपा हंसुआ बनाकर बेचने लगी, उसके बाद फिर समूह से 5000 रुपये ली, इससे साइकिल की पंक्चर बनानेवाली दुकान खोली। 15 हजार रुपये लेकर आटा चक्की का भी काम शुरू की और मिल चलाने लगी, उसके बाद 50 हजार रुपये समूह से कर्ज लेकर बेल्डिंग मशीन और ग्रिल मशीन बनाने का काम करने लगी। हमारी अच्छी आमदनी हो रही है। बच्चे-बच्चियां पढ़ रही हैं। हमारी बच्ची ने इंटर पास की और उसे मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत 25 हजार रुपये भी मिला है। मुख्यमंत्री जी को बहुत - बहुत धन्यवाद देते हैं।

जीविका दीदी मनसा कुमारी ने कहा कि आज बहुत खुशी हो रही है कि नीतीश भईया से हम बात कर रहे हैं। आप हम सभी बहनों की सुरक्षा में खड़े हैं। हमारी जो खुशी है वो आपने दी है। मेरे पति का देहांत वर्ष 2009 में हो गया था। वर्ष 2016 में जब जीविका समूह से जुड़ी तो उसके बाद समूह से 5 हजार रुपये का कर्ज लेकर बटाई खेती करने लगी। फिर 30 हजार रुपये कर्ज लेकर गाय खरीदी और डेयरी में दूध पहुंचाने लगी। खेती और गाय पालन से फायदा हुआ तो एक गाय से तीन गाय हमने कर ली। हमलोग जीविका दीदियां मिलकर शराब पीनेवाले लोगों को समझाते हैं और उन्हें शराब नहीं पीने के लिए समझाते हैं, वे मान भी जाते हैं। हम उन्हें कहते हैं कि दारू में जो पैसा खर्च कर रहे हैं उसकी जगह पर दूध पीजिए। बाल विवाह नहीं करने के लिए घर-घर जाकर हमलोग लोगों को समझाते हैं, उन्हें बताते हैं कि बाल विवाह अपराध । 18 वर्ष से कम उम्र में शादी न करें। हम सब गरीब खुशहाल हैं। हमलोगों का आपने जीवन बना दिया। आपको जितना धन्यवाद देंगे वो कम है।

जीविका दीदी गुड़िया देवी ने कहा कि हमारी स्थिति पहले बहुत खराब थी, खाने को भी नहीं था। जीविका से जुड़ने के बाद हमने लोन लिया और किराने की दूकान खोली । दूकान अच्छी चलने लगी तो बाद में और लोन लेकर भैंस पालन और बकरी पालन करने लगी अब हमलोग खुशहाल हैं और नीतीश भईया को बहुत धन्यवाद देते हैं ।

जीविका दीदी साधना देवी ने बताया कि हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी। हमलोग कैसे जीवन यापन करें, समझ में नहीं आ रहा था। वर्ष 2019 में जीविका से जुड़ने के बाद हमारे जीवन में बदलाव आया। समूह से लोन लेकर सिलाई मशीन खरीदी। उससे आमदनी होने लगी तो परिवार अच्छे से चलने लगा। फिर डेढ़ लाख रुपये का ऋण लेकर ग्राहक सेवा केंद्र खोली। जो हमको पहले देखना नहीं पसंद करते थे वो आज हमारे दरवाजे पर आकर इज्जत से बात करते हैं और पैसा निकालते हैं। जीविका से जुड़ने के बाद हमारी आर्थिक स्थिति तो मजबूत हुई ही है, सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ी है और मानसिक मजबूती मिली है। हमारे जीवन में इतने बड़े बदलाव के लिए जीविका का बड़ा योगदान है। नीतीश भईया मजबूती से हम सभी जीविका दीदियों के पीछे खड़े हैं। इससे हमलोगों को बहुत बल मिलता है।






### जीविका दीदियों से बोले सीएम... आपके अच्छे कार्यों से समाज में हो रहा बदलाव

संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान यात्रा के दौरान विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। इसी सिलसिले में जीविका दीदियों के साथ मिलने और उनकी बात सुनने का मौका मिला है। मुझे इसके लिए बहुत खुशी हो रही है। हमारा उद्देश्य है कि सभी जगह घूमकर देखें, जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उसका लाभ लोगों को कितना मिल रहा है और क्या किए जाने की जरूरत है। आप से जो संवाद हो रहा है उससे कई बातों की जानकारी और मुझे मिल रही है। आपलोगों ने जो कई अच्छे कार्य किए हैं उससे आपके परिवार और समाज में जो बदलाव हो रहा है उसकी भी जानकारी मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने महिलाओं के लिए काफी काम किया है। पंचायती राज संस्थानों एवं नगर निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत सीट आरक्षित की गई है। पुलिस बल में बड़ी संख्या में महिलाओं की भर्ती हो रही है। बिहार में जितनी महिलाएं पुलिस में हैं उतने दूसरे राज्यों में भी नहीं हैं। बच्चियों को पढ़ाने के लिए पोशाक योजना, साइकिल योजना शुरू की गई।

### लड़के वाले को लड़की वाले से दहेज लेने का कोई औचित्य नहीं है

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2015 के जुलाई महीने में जीविका समूह की एक बैठक में महिलाओं की मांग पर ही शराबबंदी लागू की गई। आप सभी गड़बड़ करने वाले लोगों को समझायें। शराब बुरी चीज है इसका सेवन न करें। कुछ लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हुई है। शराब पीनेवाले ये समझ लें कि शराब पीयेंगे तो मरेंगे। लड़के वाले को दहेज लेने का कोई औचित्य नहीं है, इसके लिये कानून बना हुआ है। समाज में लड़कियों और महिलाओं का काफी महत्व है। आप सभी दहेज प्रथा के खिलाफ निरंतर अभियान चलाते रहिये। दहेज का लेन-देन करने वालों की शादी में शामिल न हों। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की उम्र में लड़की की, जबकि 21 वर्ष की उम्र में लड़के की शादी होनी चाहिये। आप सभी अपने काम के साथ-साथ बाल विवाह के विरुद्ध अभियान भी चलाते रहिये। दहेज प्रथा खत्म होनी चाहिये। समाज में लड़कियों और महिलाओं का काफी महत्व है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में ठीक ढंग से पढ़ाई हो, शिक्षक उपस्थित रहें, इस पर आप सभी जीविका दीदियां नजर रखें।

### 2,576 स्वयं सहायता समूह को 58 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक सौंपा

जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न और पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया । मुख्यमंत्री ने 2,576 स्वयं सहायता समूह को 58 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक सौंपा। जीविका दीदियों से संवाद कार्यक्रम के पूर्व नागरी प्रचारिणी परिसर में जीविका दीदियों द्वारा कृषि गतिविधि, पशुधन गतिविधि, गैर कृषि गतिविधि से निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया और जीविका दीदियों से बातचीत कर उत्पाद के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री संजय कुमार झा, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमां खान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# बाइक की भिड़ंत के बाद पलटा ऑटो, आधा दर्जन लोग जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

- ऑटो में सवार थे तीन यात्री, सभी सदर अस्पताल में इलाजरत

जिले के आरा-पटना हाईवे पर टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा स्थित पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार की सुबह ऑटो ओर बाइक के बीच टक्कर हो गई। उसमें ऑटो सवार पांच यात्री सहित आधा दर्जन लोग जख्मी हो गये। घायलों में तीन का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। तीन अन्य का इलाज किसी निजी क्लीनिक में कराया जा रहा है। सदर अस्पताल में इलाज कराने वालों में चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव निवासी 65 वर्षीय अम्बिका यादव, उसी गांव के 65 वर्षीय बदरी यादव और टाउन थाना क्षेत्र के वलीगंज मोहल्ला निवासी असगर हुसैन का 19 वर्षीय पुत्र राजा अली शामिल हैं। बदरी यादव ने बताया कि वह अपने गांव के अम्बिका यादव के साथ अपने रिश्तेदार का बेल कराने ऑटो पर सवार आरा सिविल कोर्ट आ रहे थे। ऑटो में चार और लोग भी पहले से बैठे हुए थे। इस बीच धनपुरा स्थित पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गयी। उससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। उसमें ऑटो और बाइक पर सवार करीब आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए।

# ऑटो की छत से गिरकर सगे भाई समेत तीन जख्मी

**आरा।** जगदीशपुर-पीरो मुख्य पथ पर हसवाडीह गांव के पु ऑटो की छत से गिरकर दो सगे भाई समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तीनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में पीरो थाना क्षेत्र के बरांव गांव निवासी गोरख बिंद, रामजी बिंद और उसी गांव के दोस्त प्रेमजी बिंद शामिल है। इधर गोरख बिंद ने बताया कि ऑटो भरा हुआ था। उसके कारण वे ऑटो के छत पर बैठकर अपनी बहन के घर बिहिया जा रहे थे। हसवाडीह के समीप चालक ने अचानक ब्रेक दिया। उसके कारण तीनों असंतुलित हो ऑटो के छत से नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

# बेलगाम स्कॉर्पियो की ठोकर से लकड़ी लेकर जा रहे ठेला चालक की मौत, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बरिसवन- हरिहरपुर पथ पर सरकारी बोरिंग के समीप बुधवार की रात स्कॉर्पियो की ठोकर से लकड़ी लेकर जा रहे एक ठेला चालक की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति के जख्मी होने की भी सूचना है। वहीं घटना के बाद चालक स्कॉर्पियो छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया गया है। उसके बाद पुलिस द्वारा शव? का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के बरिसवन गांव वार्ड नंबर 10 निवासी स्व.जगनारायण गोसाई के 52 वर्षीय पुत्र अजय गोसाई उर्फ बूढ़ा गोसाई थे।? परिजन ददन गिरी ने बताया कि बुधवार की रात वह ठेले पर लकड़ी लादकर बरिसवन गांव से गोसाईपुर गांव स्थित आरा मशीन पर लेकर जा रहे थे। उसी दौरान बरिसवन और हरिहरपुर गांव के बीच सरकारी बोरिंग के समीप विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उन्हें रौंद दिया। उससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उनके परिवार में पत्नी धर्मशीला देवी,तीन पुत्री रीता देवी,रीना देवी,पुतुल देवी दो पुत्र बिजेंदर गिरी व हरीशंकर गिरी है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी धर्मशीला देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



अस्पताल में जुटे मृतक के परिजन

# सांस की बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए जानलेवा हो सकता है प्रदूषण

**केटी न्यूज/बक्सर**

- ठंड के मौसम में अस्थमा से ग्रसित मरीज सुबह की सैर से करें परहेज
- कोहरे के कारण वातावरण में फैले धूल कणों से हो सकती है एलर्जी की शिकायत



जिले सहित राज्य में बढ़ते प्रदूषण के स्तर से सभी चिंतित हैं। हालांकि, राज्य सरकार के निदेशों के आलोक में जिलाधिकारी अमन समीर ने गत दिनों सभी विभागों से प्रदूषण में कमी लाने का फरमान जारी किया था। लेकिन, ठंड में प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य विभाग भी सांस की बीमारियों (एलर्जी, अस्थमा, टीबी आदि) से ग्रसित मरीजों को लेकर चिंतित है। ठंड और प्रदूषण से अस्थमा, सांस लेने में परेशानी एवं एलर्जी की समस्याएं बढ़ जाती हैं। प्रदूषण की वजह से अस्थमा रोगियों में हांफने और बेचैनी की स्थिति देखी जाती है। वहीं, सामान्य लोग भी सर्दी, खांसी, नाक से पानी आना जैसी समस्याओं से ग्रसित हो सकते हैं। बढ़ते प्रदूषण के कारण आंखों से पानी आना, उनमें खुजली आदि की समस्या आम हो जाती है। ऐसे में सभी को सचेत रहने की आवश्यकता है ताकि प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचा जा सके।

**बढ़ सकती है फेफड़ों की समस्या :** स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि प्रदूषण, धूलकण, पत्थर एवं एस्बेस्टस की धूल तथा कमजोर प्रतिरोधक क्षमता के कारण फेफड़ों में सिकुड़न की समस्या (फाइब्रोसिस) भी बढ़ जाती है। लंबे समय तक सूखी खांसी, चलने में हांफना और दम फूलना इसके लक्षण हैं। चिकित्सक बताते हैं कि धूम्रपान करने वाले लोगों में यदि खांसी के साथ कभी खून आये तो उन्हें फेफ-ड़े के कैंसर की जांच करानी चाहिए। जिन लोगों को एलर्जी, खांसी की समस्या है उन्हें कोल्ड ड्रिंक के सेवन, ठंडा पानी, दही इत्यादि के सेवन से बचना चाहिए।

**बच्चों के लिए भी घातक साबित हो सकता है प्रदूषण :** बढ़ता प्रदूषण बच्चों के लिए भी घातक साबित हो सकता है। प्रदूषण के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को खासा दिक्कतों का सामना करते देखा जा रहा है। बच्चों में आंखों में जलन, आखों से पानी आना एवं खांसी सर्दी की शिकायतें देखी जा रही हैं। बच्चों को स्कूल भेजते समय उन्हें मास्क पहनाना उन्हें कई समस्याओं से बचाया जा सकता है।

**मास्क लगाकर घर से बाहर निकलें मरीज :** सिविल सर्जन सह प्रभारी एसीएमओ डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया सांस की बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए ठंड का मौसम ही परेशानियों का सबब बन जाता है। ऐसे में अस्थमा एवं सांस से जुड़े अन्य रोगों से ग्रसित लोगों के लिए यह स्थिति खतरनाक साबित हो सकती है। सिविल सर्जन ने बताया कि प्रदूषण की अधिकता के कारण लोगों को सुबह मॉर्निंग वाक पर निकलने से परहेज करना चाहिए। खासकर अस्थमा एवं हृदय रोग से ग्रसित लोगों को सर्दियों के मौसम में सुबह की सैर करना स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों को बढ़ा सकता है। उन्हें सांस की समस्या के साथ एलर्जी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि यदि सुबह बाहर निकलना जरूरी हो तो मास्क का इस्तेमाल अवश्य करें।

## राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत 22 जिलों की हुई समीक्षा बैठक

# सभी शहरी पीएचसी की गुणवत्ता में सुधार जरूरी: मो. मसूद

- पीएसआई एवं राज्य स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में हुआ कार्यशाला का आयोजन

**केटी न्यूज/पटना**



शहरी आबादी को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में बड़े अस्पतालों के साथ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की भूमिका भी अहम मानी जाती है। शहरी क्षेत्रों में हाशिये पर रह रहे लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के द्वारा ही होती है। राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है कि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी आमजनों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो सके। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत उक्त स्वास्थ्य केंद्रों के गुणवत्तापूर्ण संचालन एवं अन्य गतिविधियों को लेकर द चैलेंज इनिशिएटिव (टीसीआई), इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत जिला शहरी स्वास्थ्य सलाहकारों का एक दिवसिय कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसका उघाटन राज्य कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्द मसूद आलम एवं राज्य वित्त प्रबंधक नयन कुमार, राज्य टीम लीडर-आशा प्रोसेस प्रनय कुमार, एनआईसी से कौशल किशोर, डॉ. संजीव कुमार बेलवाल अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुरादाबाद (मास्टरकोच-मुरादाबाद, यूपी) शहरी स्वास्थ्य सलाहकार (मास्टरकोच- सहारनपुर, यूपी) सचिन कपिल, पीएसआई इंडिया की राष्ट्रीय नॉलेज मैनेजमेंट हेड दीप्ती मथुर और जनरल प्रबंधक मनीष सक्सेना और सीनियर कार्यक्रम प्रबंधक विवेक मालवीय के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी।

**अनुमोदित बजट का पूरा क्रियांवयन करना जरुरी :** बैठक को संबोधित करते हुए राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन मोहम्मद मसूद आलम ने कहा कि सरकार द्वारा अनुमोदित बजट का पूरा इस्तेमाल करना आवश्यक है। अनुमोदित राशि का पूरा इस्तेमाल नहीं होने से आगे की प्रस्तावित योजनाओं को पूरा करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में किये गए अच्छे कार्यों का अनुसरण ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं में भी किया जाता है और मॉडल टीकाकरण केंद्र तथा कोरोना संक्रमण के समय संचालित टीका एक्सप्रेस इसका एक सशक्त उदाहरण है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य बिहार के सभी शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम वाले 22 जिलों को शहरी स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन सेवाओं को सुद?ढ़ करने हेतु उन्मुख करना है। साथ ही साथ पिछले टीसीआई इंडिया के भौगोलिक क्षेत्र यूपी के उच्च प्रदर्शन वाले शहरों के मास्टर कोचों के अनुभव से सीखने में सहायता करके अपने शहरी स्वास्थ्य सलाहकार (मास्टर कोचों) को सक्षम और तैयार करना है। मसूद आलम ने बताया कि शहरी क्षेत्र में अर्बन हेल्थ को लेकर पी एस आई इंडिया के सहयोग से कार्य की जा रही है और हमारे राज्य ऑफिस के कुछ लोग युपी जाकर भी एक स्टडी और लर्निंग टूर कर के आये है। जिसका नतीजा ये हुआ की आज हम बिहार में भी उन बेस्ट प्रैक्टिस को इम्प्लीमेंट कर रहे है। मुझे उम्मीद है और यकीन है कि अच्छा आउटपुट आएग।

**22 जिलों की हुई समीक्षा :** कार्यक्रम में राज्य के पटना, बक्सर, भोजपुर, नालंदा, नवादा, रोहतास, सारण, सिवान, भागलपुर, गया, औरंगाबाद, बेगुसराय, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, जहानाबाद, कटिहार, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पुर्णिया, सहरसा, वैशाली एवं पश्चिमी चंपारण जिलों की समीक्षा की गयी। नयन कुमार ने पीएसआई इंडिया को धन्यवाद दिया की इस तरह का कार्यशाला आयोजित कराइ जहां सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्र उपस्थित हो पाए और हमलोग अर्बन हेल्थ पर चर्चा कर पाएंगे। उन्होंने कहा की शहरी क्षेत्र के हिसाब से कैचमेंट एरिया की प्लानिंग की जाएगी और खर्च के अनुसार कार्य की समीक्षा की जाएगी।

## खबरें फटाफट

### बकरी चोरी का मामला दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना के समीप दस हजार रुपये की बकरी चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ नामजद मामला डुमरांव थाने में आवेदन देकर दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि घर के बाहर मेरी बकरी चर रही थी। इसी दौरान कौशल गुप्ता नामक युवक मेरी बकरी की चोरी कर ली। काफी खोजबीन के बाद जानकारी मिलते ही उससे पूछताछ करने घर गया तो आरोपी सहित अन्य ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान मेरा बेटा और बेटी के साथ मेरी पत्नी आदि की पिटाई कर दी। इस मामले में पीड़ित वीरबहादुर यादव ने कोमल गुप्ता सहित तीन लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सिमरी।** रामदास के डेरा ओपी पुलिस ने 180 एमएल के 240 पीस शराब की शीशी व मोटरसाइकिल के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। हालांकि गिरफ्तार शराब कारोबारी के दूसरा साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा है। इस संदर्भ में ओपी प्रभारी संजय विकास तिवारी ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार शराब कारोबारी की सूचना मिला था कि बलिया से शराब की खेप लेकर आने वाला है। सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो कारोबारी पुलिस को देख शराब की पेटी फेक भागने लगे। पुलिस ने उनमें से एक को दौड़ाकर पकड़ लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# गणतंत्र दिवसः डुमरांव राज हाई स्कूल के खेल मैदान में होगा मुख्य समारोह

- एसडीओ ने विद्यालय संचालकों के साथ बैठक कर बनाई रणनीति
- विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्र-छात्राएं निकालेंगे झांकी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

गणतंत्र दिवस समारोह की प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गई है। गुरूवार को एसडीएम कुमार पंकज ने अपने मातहतों तथा तैयारी समिति के साथ बैठक की। बैठक में गणतंत्र दिवस मनाने की रूपरेखा बनाई गई। तैयारी समिति में सरकारी व निजी विद्यालयों के शिक्षकों को भी शामिल किया गया है। तय किया गया कि मुख्य समारोह राज हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। यहां एसडीओ कुमार पंकज झंडोत्तोलन कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। हालांकि इसी दिन सरस्वती पूजा भी है। जिस कारण सांस्कृतिक कार्यक्रमों को रोक दिया गया है। हालांकि विभिन्न स्कूल कॉलेजों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी व एनएसएस के वोलंटियरों द्वारा झांकी निकाल मार्च पास्ट किया जाएगा। इसके अलावे सभी सरकारी कार्यालयों, स्कूल कॉलेजों में भी झंडोतोलन किया जाएगा। एसडीएम राज हाई स्कूल के खेल मैदान से पहले अपने कार्यालय में भी झंडोतोलन करेंगे। बता दें कि पिछले लंबे समय गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य आयोजन राज हाई स्कूल के खेल मैदान में ही आयोजित होते रहा है। इस बैठक में रेड क्रॉस के मोहन प्रसाद, राज प्लस टू उच्च विद्यालय के एनसीसी शिक्षक डॉ संजय रंजन सिन्हा, अभयानंद प्रजापति, संत जोसेफ हाई स्कूल से संजय, राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल से रूपम दूबे, सुमित्रा महिला विद्यालय से प्रो श्रीकांत, वकील प्रतिनिधि एवं थानाध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

**ये है कार्यक्रम की रूप रेखाः** बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि परेड में क्रमशः डीके कॉलेज सुमित्रा महिला महाविद्यालय राज प्लस टू उच्च विद्यालय महारानी ऊषारानी प्लस टू उच्च विद्यालय राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल संत जोसेफ स्कूल आदि अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे राष्ट्रगान के लिए संत जोसेफ प्लस टू हाई स्कूल को निर्देशित किया गया साथ ही एनसीसी परेड के लिए क्रमशः 22 23 और 24 को अभ्यास रखा गया, जिसमें सभी स्कूल कॉलेज के कैडेट शामिल होंगे।


बैठक में उपस्थित एसडीएम व अन्य

### शिक्षक अनुराग मिश्र को बनाया गया संयोजक

बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह मनाने के लिए एक तैयारी समिति का गठन भी किया गया है। जिसमें राज हाई स्कूल के शिक्षक व चर्चित तबला वादक अनुराग मिश्र को संयोजक बनाया गया है। उनके नेतृत्व में ही टीम गणतंत्र दिवस समारोह के तैयारियों को अमलीजामा पहनाएगी। एसडीओ ने इस टीम को गुरूवार से ही तैयारी शुरू करने का निर्देश भी दिया है। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समाधान यात्रा को लेकर इस बार गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी बैठक कुछ विलंब से हुई है। यही कारण है कि एसडीओ कम समय में अच्छी तैयारी का निर्देश दिए है। हालांकि इस बार शहीद रविकांत मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के चलते पिछले महीने ही राज हाई स्कूल के खेल मैदान की सफाई की गई थी। लिहाजा टीम को इस मैदान को तैयार करने में अधिक समय भी नहीं लगेगा। अनुराग ने बताया कि तैयारी समिति द्वारा कवायदें शुरू कर दी गई है।

## पार्षद सोनू राय के लगाए गए आरोप की जांच को पहुंची तीन सदस्यीय टीम

# खुलेगी कलईः नगर परिषद के ईओ पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू

- जांच टीम का नेतृत्व कर रहे हैं एडीएम किशोरी चौधरी
- पार्षदों ने ईओ पर लगाए हैं लूट खसोट तथा भ्रष्टाचार के आरोप

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के पार्षद सोनू राय द्वारा नगर परिषद के ईओ मनोज कुमार पर लगाए गए आरोपों की जांच शुरू हो गई है। गुरूवार को डीएम अमन समीर द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच टीम नगर परिषद कार्यालय पहुंच जांच शुरू कर दी है। इस टीम का नेतृत्व एडीएम किशोरी चौधरी कर रहे हैं। जबकि टीम में डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज तथा ट्रेजरी ऑफिसर भी शामिल है।

हालांकि पहले दिन टीम द्वारा इस संबंध में कुछ जानकारी मीडिया को नहीं दी गई है। जांच के दौरान ईओ पर भ्रष्टाचार व अवैध तरीके से निकासी का आरोप लगाने वाले वार्ड पार्षद सोनू राय स्वयं उपस्थित होकर कार्यपालक पदाधिकारी पर लगाए गए आरोपों का साक्ष्य प्रस्तुत किए। पार्षद द्वारा लगाए गए आरोपों में मुख्य रूप से बगैर प्रशासनिक स्वीकृति लिए नगर परिषद के खजाने से की गई करोड़ों रुपए की अवैध निकासी तथा डस्टबिन खरीद में बड़े पैमाने पर की गई लूट खसोट का संगीन आरोप है। जांच टीम द्वारा घंटो बारीकि से इन आरोपो की जांच की गई है। हालांकि टीम द्वारा कुछ बताया नहीं गया है। जानकारों ने बताया कि टीम अपनी जांच रिपोर्ट डीएम को सौपेंगी। जिसमें दोष सिद्ध होने पर कार्रवाई किया जाएगा।

**जांच टीम के सामने नहीं आए दो अन्य शिकायतकर्ता :** बता दें कि पार्षद सोनू राय के साथ ही पूर्व पार्षद धीरज कुमार व सामाजिक कार्यकर्ता रामजी सिंह यादव ने भी ईओ पर लूट खसोट तथा भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। लेकिन दोनों ही लोग आज जांच टीम के सामने नहीं आए। दूसरे शिकायतकर्ता पूर्व वार्ड पार्षद धीरज ने कहा कि नगर परिषद द्वारा जांच प्रक्रिया की जानकारी काफी विलंब से दी गई है इस दौरान वे शहर से बाहर है। जिस कारण जांच टीम के सामने नहीं आ सके। जबकि तीसरे शिकायतकर्ता रामजी सिंह यादव भी किन्ही कारणों से इस जांच में शामिल नहीं हो सके हैं।


नगर परिषद कार्यालय में जांच करते एडीएम

### आरोपों की पुष्टि होने पर बढ़ेंगी ईओ की मुश्किलें

नगर परिषद के ईओ पर जो आरोप लगाए गए है वह बेहद गंभीर है। यह आरोप सीधे तौर पर आर्थिक अपराध से जुड़े है। उनके आरोपों में भ्रष्टाचार तथा सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग करने जैसा गंभीर आरोप लगाया गया है। भ्रष्टाचार के इस बहुचर्चित मामले की शिकायत नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव से की गई थी। विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी को जांच तथा करवाई के लिए पत्र लिखा गया है। उसके बाद डीएम द्वारा तीन सदस्य टीम का गठन करने के बाद जांच की इस कार्रवाई को लेकर शहर में चर्चा का बाजार गर्म है। वहीं, यदि जांच में आरोपों की पुष्टि होती है तो नगर परिषद के ईओ मनोज कुमार की मुश्किलें बढ़ सकती है।

### ईओ पर लगे है बेहद गंभीर आरोप

एडीएम किशोरी चौधरी ने कहा कि ईओ पर बेहद गंभीर आरोप लगे है। यदि इसकी पुष्टि हुई तो उनपर कड़ी कार्रवाई होनी तय है। उन्होंने कहा कि जांच को काफी सूक्ष्मता से किया जा रहा है तथा कागजातों के अवलोकन के साथ ही आरोप लगाने वाले का पक्ष भी लिया जा रहा है। हालांकि मामला जांच के अधीन होने के कारण उन्होंने इस पर विशेष जानकारी नहीं दी है।

## एक नजर

### जयराज का निधन पार्टी के लिए बड़ी क्षति, नहीं हो सकती उनकी कमी पूरीः मुकेश सहनी



**डुमरांव।** विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रिमो मुकेश सहनी गुरूवार को पुराना भोजपुर स्थित अपने पार्टी के दिवंगत नेता व जिलाध्यक्ष रहे जयराज चौधरी के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंन स्व चौधरी के तैल्य चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाया और कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे हर पल आपलोगों के साथ है। उन्होंने कहा कि जयराज चौधरी बक्सर में उनके पार्टी के सबसे मजबूत स्तंभ थे। उनके निधन से व्यक्तिगत रूप से मुझे बड़ी क्षति पहुंची है। मुकेश ने कहा कि हाल फिलहाल उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। लेकिन बक्सर सहित पूरे बिहार में उन्होंने अतिपिछड़ो के विकास का जो सपना देखा था, वीआईपी उसे जरूर पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी समाज के सभी लोगों को जोड़कर मजबूत और चट्टानी एकता कायम करने की तैयारी में है। समाज को जोड़ने के प्रयास तेज करने को कहा है। पार्टी सुप्रीमो ने कहा कि लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी और अति पिछड़ा समाज की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। इसके लिए पार्टी द्वारा रणनीति तैयार कर काम किया जा रहा है। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजनाथ सहनी, पूर्व मुखिया शंभूनाथ चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीभगवान चौधरी, भरत चौधरी, पवन चौधरी, बच्चा लाल चौधरी, बृज बिहारी चौधरी, रामप्रवेश चौधरी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### केसठ में सभा आयोजित कर दी गई दिवंगत भाजपा नेता परशुराम चतुवेर्दी को श्रद्धांजलि



**केसठ।** प्रखंड के केसठ गांव में गुरूवार को भाजपा नेता तथा बक्सर विधानसभा के प्रत्याशी परशुराम चतुवेर्दी के निधन के बाद एक शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन केसठ के सामाजिक राजनैतिक कार्यकताओं द्वारा किया गया था। श्रद्धांजलि सभा में पहले उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर भगवान से प्रार्थना किया गया। इसके बाद उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता भाजपा के केसठ मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी एवं वरिष्ठ नेता नरेंद्र पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने उनके व्यक्तित्व के बारे में विस्तार से बताया साथ ही उनके द्वारा किए गए कार्यों को सराहना किया। वक्ताओं ने कहा कि परशुराम चतुवेर्दी भाजपा एवं किसान के वरीय नेता थे और आजीवन किसानों के हक की लड़ाई लड़ते रहे। वक्ताओं ने कहा कि उनका निधन बक्सर के राजनीतिक गलियारे के लिए अपूरणीय क्षति है। आज के समय में उनके जैसा निश्छल तथा जनता के बीच लोकप्रिय नेता बहुत कम है। इस मौके पर राम आशीष सिंह, अरुण मिश्र, अमितेश कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र पासवान, धीरज कुमार, रवि शंकर कुमार, विक्की कुमार, वेणुगोपाल तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, मंतोष तुरहा, गोलु दुबे, त्रिलोकी तिवारी सहित दर्जनों अन्य राजनैतिक व सामाजिक सरोकार से जुड़े लोग मौजूद थे।

### होटल संचालक से रंगदारी मांगने व फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार



**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस ने एक पखवारे पूर्व एक होटल संचालक से रंगदारी मांगने तथा दहशत फैलाने के लिए उसके होटल के बाहर हवाई फायरिंग करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के अमरपुरी बुधवार की रात की गई। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी अमरपुरी निवासी विकास कुमार रंजन है। जिसपर 4 जनवरी को आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज हुआ था। सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि बीते 4 जनवरी को आरोपित पर एक लाईन होटल संचालक लोहई डेरा गांव निवासी राजेश कुमार ने एफआईआर दर्ज कराया था। दर्ज एफआईआर में होटल संचालक ने कहा था कि वह अपने होटल पर बैठा था, तभी आरोपित अवैध हथियार के साथ पहुंच कर रंगदारी मांगने लगा। रंगदारी देने से मना करने पर आरोपित उसके साथ मारपीट करने लगा। साथ ही अवैध अग्नेयास्त्र से होटल के पास हवाई फायरिंग भी किया था। ओपी प्रभारी ने बताया कि दर्ज मामला की अनुसंधान की गई। अनुसंधान में उस पर लगे आरोप को सही पाया गया। जिसके बाद बुधवार की रात आरोपित के घर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। साथ ही कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## निर्धारित मूल्य पर मिले खादः मुखिया

- पंचायत प्रतिनिधियों ने खुदरा खाद विक्रेताओं के साथ की बैठक

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के केसठ स्थित ई किसान भवन के प्रांगण में गुरुवार को खुदरा खाद विक्रेताओं का एक बैठक किया गया। जिसमें यूरिया के कलाबाजारी रोकने एवं उचित मूल्य पर बेचने के लिए निर्देश दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह, उप प्रमुख अमेन्द्र उर्फ मंटू, केसठ मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में प्रखंड के सभी खुदरा खाद विक्रेता उपस्थित हुए। बता दे की लोगों के द्वारा जनप्रतिनिधियों के पास यूरिया खाद की कालाबाजारी एवं मनमानी मूल्य पर बेचने की शिकायत मिली थी। जिसको देखते हुए जनप्रतिनिधियों ने तत्काल कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक बुलाया। बैठक में कुछ किसानों ने कहा कि जब तक अधिकारी खाद विक्रेताओं के पास रहते हैं, तब तक ही सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर खाद का वितरण करते हैं अधिकारी के हटते ही विक्रेता मनमानी मूल्य पर खाद का वितरण करने लगते हैं। जिससे किसान परेशान थे।वही उपस्थिति कुदरा खाद विक्रेताओं को निर्देश देते हुए कहा गया कि यूरिया खाद को उचित मूल्य पर ही वितरण की जाए। जो विक्रेता उचित मूल्य पर खाद का वितरण नहीं करते हैं उन विक्रेताओं पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मौके पर प्रखंड के सभी खुदरा खाद विक्रेता एवं कृषि समन्वयक हरिश्चंद्र पासवान, किसान सलाहकार अमेंद्र कुमार स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय प्रसाद, आत्मा अध्यक्ष सत्येंद्र दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# परशुराम चतुर्वेदी की मौत पर उठे सवाल, ओमप्रकाश भुवन बोले- वायरल ऑडियो तो मौत की वजह नहीं

- हार्ट अटैक आने से पहले भाजपा नेता का एक आडियो हुआ था वायरल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

भाजपा नेता परशुराम चतुर्वेदी का निधन हार्ट अटैक आने से हो गया है। लेकिन अब उनके निधन के बाद एक वायरल ऑडियो को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ऐसा कहा जा रहा है कि उक्त ऑडियो में वे किसी के लिए अप्रिय बातें बोले है। जिसे उस व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ ही वायरल भी किया गया है। हार्ट अटैक आने के दो दिन पहले से वे इसको लेकर परेशान भी चल रहे थे। इस बात की जानकारी भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने केशव टाइम्स को दी है। बकौल प्रदेश अध्यक्ष ने बताया है कि उनके और परशुराम चतुर्वेदी की बातें 14 जनवरी की रात में बक्सर आए गंगा विलास क्रूज को लेकर हुई थी। जिसमें उन्होंने वायरल ऑडियो के बारे में जानकारी दी थी।

**उन्होनें थोड़ा झिझकते हुए मुझे बताई ये बात :** भुवन जी की मानें तो परशुराम चतुर्वेदी ने कहा था कि भुवन जी, मुंह में कागज लेकर, मेरे आवाज कि नकल कर के अंट संट बोला है सब। फिर टेप कर के वॉयरल कर दिया है। 14 जनवरी को रात में जब मैंने परशुराम जी को बक्सर आए क्रूज के यात्रियों के स्वागत योजना हेतु कॉल किया तो उन्होनें थोड़ा झिझकते हुए ये बात मुझे बताई। वो उसे मोबाईल पर सुनाने का भी प्रयास किए। जो मुझे स्पष्ट सुनाई नहीं दे रहा था। मैंने ढांढस बंधाते हुए हौसला बढ़ाया और ऑडियो मुझे भेजने की बात कही। वो काफी दबाव में लग रहे थे। उस व्यक्तिगत बात को किसने टेप कर के वायरल किया। इसकी जांच होनी चाहिए।

**सामाजिक कार्यकताओं के लिए एक संदेश :** ये सभी सामाजिक कार्यकताओं के लिए एक संदेश भी है। हम किसी से थोड़ा भी लगाव के कारण फोन पर दिल कि बात बोल जाते हैं। उसे टेप कर के वायरल करना, ये खतरनाक प्रवृति है। मुझे लगता है कि परशुराम जी कि मौत के पीछे चौसा आंदोलन के बीच के भागम भाग के तनाव के अलावा इस ऑडियो से उत्पन्न तनाव मुख्य कारण है। उस ऑडियो में क्या था और किसने वॉयरल किया ये सामने लाने कि जरुरत है। ये प्रवृति ठीक नहीं है। पिछले दिनों भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ भी ऐसा ही हुआ था। ये हम सभी राजनैतिक और सामाजिक कार्यकताओं के लिए खतरनाक है। ये उचित समय है कि ऐसे लोगों को सामने लाकर उचित सजा दी जाए ताकि फिर कोई ऐसी घटना न हो। कोई दूसरा परशुराम अपने जान से न जाए।

## सरस्वती पूजा नजदीक आते ही बढ़ी मूर्तिकारों की कवायदें, पूजा समितियों की सक्रियता भी तेज

# सरस्वती पूजा के लिए लाइसेंस अनिवार्य, डीजे पर रोक

- मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार, तैयारी जोरों पर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सरस्वती पूजा आगामी 26 जनवरी को मनायी जायेगी। विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती की पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर है। मूर्तिकार भी मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे है। विभिन्न संस्थानों से लेकर शहर के गली-मोहल्लों में आयोजकों द्वारा पूजा की तैयारी जोरों पर है। पूजा समिति के सदस्य पंडाल के लिए जगह का चयन तथा उसकी साफ सफाई का काम शुरू कर दिए है। चंदा एकत्र करने का काम पूरे दिन चलाया जा रहा है। जबकि मूर्तिकारों द्वारा मां शारदे की प्रतिमाओं का रंग रोगन कार्य किया जा रहा है। शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्द के बीच पूजनोत्सव मने इसके लिए पुलिस-प्रशासन भी अपनी रणनीति तैयार कर रही है। प्रशासन ने सरस्वती पूजा के लिए लाइसेंस को अनिवार्य करते हुए डीजे बजाने पर पाबंदी लगायी है। पुलिस ने बताया कि बगैर लाइसेंस के प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों पर कार्रवाई की जायेगी। सभी आयोजक स्थानीय थाने में आवेदन देकर अपना लाइसेंस बना ले।


मां की प्रतिमा को अंतिम रूप देता मूर्तिकार

**पूजा-पंडालों और विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पाबंदी :** उन्होंने कहा कि पूजा-पंडालों और विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पाबंदी जारी रहेगी। इसके साथ ही रात 10 बजे के बाद शोर-शराबा नही करना है। जो कमिटी पहले से लाइसेंस लेती आ रही है उन्हें पुनः रिनिवल कराने का आग्रह किया गया है। साथ ही नई कमिटी के लोग भी अपना लाइसेंस निर्धारित समय तक बनवा ले। प्रशासन सभी कमिटियों को सूचना निर्गत करेगी। सरस्वती पूजा को लेकर युवाओं व छात्र-छात्राओं में श्रद्धा उमड़ पड़ा है। युवाओं की टोली मां की प्रतिमा को बुक कराने में जुटे है।

मूर्तिकार भी मां की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे है। पूजन की खरीदारी को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ने लगी है। सजावट की सामग्री बेचने वाले दुकानदार भी अपनी दुकानें सजा दिए है। जहां ग्राहकों की भीड़ लगी है। मूर्तिकार पवन पाल, रतन पाल, महेंद्र प्रसाद, कृष्णा प्रसाद बताते है कि छोटे-बड़े साईजो में मां की प्रतिमा का निर्माण किया गया है। जिसका निर्धारित दर 2 हजार से लेकर 25 हजार तक रखी गयी है। मूर्तिकारों का कहना है कि इस बार छोटे आकार की प्रतिमाओं को अधिक संख्या में बनाया गया है। ताकि महंगाई के कारण इसकी बिक्री आसानी से हो सके। मूर्तिकारों की मानें तो बड़े प्रतिमाओं की मांग काफी घट गयी है। जिस वजह से आमदनी भी सीमित होकर रह गयी है।

## छोटी खबरें

### बंदर के काटने से युवक जख्मी, गंभीर स्थिति में रेफर

**बलिया।** बांसडीह कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रुद्रपुर गांव में बंदर के काटने गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी हरेन्द्र कुमार 30, पुत्र पारस नाथ बुधवार को अपने घर से खाना लेकर कहीं जा रहा था।अभी वह गांव के प्राथमिक विद्यालय के समीप पहुंचा था तब तक सन्दर्भों के झून्ड ने युवक पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस पास के लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की नाजुक हालत को देखते हुए तत्काल जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी स्थिति चिकित्सकों द्वारा नाजुक बतायी जा रही है।

### अगलगी में लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 वजीरापुर में गुरुवार की भोर में अज्ञात कारणों से लगी आग में लगभग डेढ़ लाख रूपए के गहने, 60 हजार नकद सहित जरूरी सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड व अग्निशमन दस्ता के अथक प्रयास के बाद किसी प्रकार आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित लाल बहादुर के अनुसार वे लोग बुधवार को खाना खाने के बाद सोने चले गए। इसबीच गुरुवार की भोर में अज्ञात कारणों से आग लग गई, आसपास के लोगों ने आग की लपटें देख हम लोगों को जगाया, जब तक हम लोग जग कर कुछ कर पाते तब तक आग ने पूरे मकान को अपने आगोश में ले लिया था। अगलगी की इस घटना में लगभग डेढ़ लाख रूपए के सोने चांदी के आभूषण, 60 हजार नगद, जरूरी सामान के साथ अनाज भी जलकर राख हो गया।

# शिवपाल की ललकार... भाजपा को सत्ता से बेदखल कर जनता को देनी है राहत

- स्व. बद्रीनाथ सिंह की 21वीं पुण्यतिथि पर समारोह का आयोजन
- समारोह में भाजपा पर जमकर बरसे विधायक शिवपाल यादव

केटी न्यूज/बलिया

स्व. बद्रीनाथ सिंह गरीबों के मसीहा थे। उनके रग-रग में सेवा भाव भरा हुआ था। उक्त उद्गार सहतवार बड़ा पोखरा प्रांगण में आयोजित स्वर्गीय बद्रीनाथ सिंह की 21 वीं पुण्यतिथि समारोह के अवसर पर पूर्व मंत्री तथा वर्तमान विधायक शिवपाल यादव ने व्यक्त किया। स्व. बद्रीनाथ सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात शिवपाल यादव ने कहा कि स्व. सिंह के पदचिन्हों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने कहा कि झूठ फरेब के दम पर चलने वाली भाजपा सरकार के दिन अब पूरे हो चुके हैं। 2024 में जनविरोधी भाजपा की सरकार को सत्ता से बेदखल करके जनता को राहत देना है। कहां की ये बेईमान लोग किसानों को एमएसपी तक नहीं दे पाए। नौजवानों को रोजगार देने की बात करने वाले लोग नौजवानों को नौकरी कहां दिए हैं यह यक्ष प्रश्न है। शिवपाल यादव ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही नौजवानों को रोजगार देने का कार्य किया जायेगा। कहा कि आलम यह है कि बिना रिश्वत के कहीं भी कोई कार्य नहीं हो रहा है। भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना ही एकमात्र विकल्प है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि बलिया जनपद के सभी समाजवादी आज एक मंच पर आ गए हैं। इससे पूर्व बद्री सिंह सेवा संस्थान के संरक्षक नीरज सिंह गुड्डू के नेतृत्व में सदस्यों ने चांदी का मुकुट एवं 108 किलो की माला से मुख्य अतिथि का स्वागत अभिनंदन किया। श्रद्धांजलि समारोह पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी,पूर्व मंत्री नारद राय,पूर्व मंत्री तथा वर्तमान विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी, विधायक संग्राम यादव बैरिया विधायक जय प्रकाश अंचल,पूर्व सांसद रमाशंकर विद्यार्थी राजभर,नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता सिंह आदि ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता महंत सुखदेव दास एवं संचालन नीरज सिंह गुड्डू ने किया।



**गरीबा व असहाय लोगों में बांटे कंबल :** पुण्यतिथि समारोह के दौरान बद्रीनाथ सिंह सामुदायिक केंद्र पर नगर पंचायत चेयरमैन सरिता सिंह द्वारा करीब नगर सहित क्षेत्र के असहाय,गरीब, मजलूम लोगों को कंबल वितरित किया गया। कंबल वितरण मंच पर भीड़ बढ़ गयी। जिसे स्व. बद्रीनाथ सिंह सेवा संस्थान के सदस्यों ने नियंत्रित करते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न कराया।इस मौके पर सभासद राजेश्वर सिंह मुन्ना जी, राजू, सिंह नेता जी,जोगिन्द्र सिंह,समर बहादुर सिंह,ध्रुव सिंह,अनीस सिंह, पवन गुप्ता,लक्ष्मण सिंह, विनोद गुप्ता,राकेश जी,हरि पांडेय, मोहन जी,मुन्ना सिंह आदि रहे।

आदमकद प्रतिमा पर किया माल्यार्पण : स्व. बद्रीनाथ सिंह की पुण्यतिथि के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव कार्यक्रम के सबसे पहले बद्रीनाथ सिंह चौराहा स्थित स्व.बद्रीनाथ सिंह की पीतल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात कार्यक्रम स्थल बड़ा पोखरा प्रांगण पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर बने मंच पर पहुंच लोगों का अभिवादन करने के पश्चात अपार जन समूह को सम्बोधित किया।

**दिन हो या रात हर वक्त गुड्डू आपके साथ :** कार्यक्रम की सफलता से उत्साह से लबरेज नीरज सिंह'गुड्डू' ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपका साथ और हमारे नेता शिवपाल यादव जी का आशीर्वाद हम पर बना रहा तो हम किसी भी कार्य को सहजता से कर सकते हैं। कहा कि॰दिन हो या रात,नीरज सिंह'गुड्डू हर वक्त आपके साथ॰ है। नीरज सिंह गुड्डू ने कहा कि आज अगर गुड्डू आपके बीच खड़ा है तो वह हमारे नेता शिवपाल की देन और आपका आशीर्वाद है। उन्होंने आगन्तुकों के प्रति हाथ जोड़कर आभार प्रकट किया।

### नेपाल प्लेन क्रैश मामले में मृतकों के परिजनों से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

# मृतकों के एक-एक परिजन को मिले सरकारी नौकरी व 50-50 लाख रुपए: अजय राय

- कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष ने गाजीपुर में आयोजित शिवपूजन इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में की शिरकत, मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना

केटी न्यूज/गाजीपुर

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय बृहस्पतिवार को गृह जनपद गाजीपुर के दौरे पर थे। वे प्लेन क्रैश में मरने वाले चारों युवकों के पीड़ित परिजनों से मिलकर उनकी पीड़ा समझी और सरकार से प्रत्येक परिवार को 50 लाख रुपए और हर घर से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की। प्रांतीय अध्यक्ष ने गाजीपुर जिलाध्यक्ष सुनील राम एवं अन्य लोगों के साथ अपने पैतृक गांव मलसा के शिवपूजन इंटर कॉलेज के 84वें वार्षिकोत्सव में पहुंचे और विद्यालय के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिए।वहां कालेज की प्रबंधकीय समिति के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और नागरिकों ने माल्यार्पण कर उनका बड़े ही गर्मजोशी से स्वागत किया। साथ ही विद्यालय के बच्चों ने स्वागत में गीत संगीत व अन्य कार्यक्रमों से अजय राय का मन मोह लिया।


मृतक के परिजनों से वार्ता करते अजय राय व अन्य

मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने अपने संबोधन में विद्यालय परिवार का धन्यवाद करते हुए उपस्थित छात्रों और आगंतुकों को बताया कि वे भी इसी मिट्टी के हैं और ये वीरों और शहीदों की भूमि है। उन्होंने छात्रों से कहा कि ये विद्यालय काफी पुराना और पठन-पाठन के क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। यहां एक से बढ़कर एक विभूतियों ने क्षेत्र का नाम रौशन किया है, आप लोग भी मन लगाकर पढ़ें और अपनी मिट्टी का नाम दुनियां भर में रौशन करें।

इसके बाद प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विंध्यवासिनी राय की पत्नी के दुखद निधन पर देवरिया गांव में जाकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और उसके बाद अजय राय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मिर्जा अशफाक बेग, मोहम्मदाबाद के कुछ दिन पूर्व हुए इंतेकाल के बाद दरवाजे पहुँच कर उनके शोक संतप्त परिजनों से मिले व सांत्वना व्यक्त की। इसके बाद कॉन्ग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय कासिमाबाद क्षेत्र के अलावलपुर पहुचे जहां पिछले 15 जनवरी को नेपाल के पोखरा में विमान दुर्घटना में दुखद हादसे में चार स्थानीय युवकों की मौत हो गई थी। उन सभी के दरवाजे पर जाकर प्रांतीय अध्यक्ष ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी को सदैव उनके साथ खड़ा बताया। अजय राय ने कहा कि चारों मृतकों के शवों को आदरपूर्वक जल्द से जल्द गाजीपुर लाया जाए, इसके लिए कॉग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील राम जिलाधिकारी से मिलेंगे और उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्रत्येक मृतकों को 50-50 लाख रुपए मुआवजा और परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी की व्यवस्था की जाए। क्योंकि ये सभी अपने परिवार की रीढ़ की हड्डी थे।

#### जाति, धर्म व मजहब को जोड़ने का किया है काम

अजय राय ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा ने सभी जाति, धर्म और मजहब को जोड़ने का कार्य किया है और कॉन्ग्रेस सांसद और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस यात्रा से पूरे भारत को पैदल चलकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा 7 सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी से शुरू हुई। यह 3,570 किमी लंबी, 150- दिवसीय पदयात्रा है, जो देश भर के 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेश को कवर करते हुए कश्मीर तक जा रही है। जिसमें राहुल गांधी दिन में लोगों से मिल रहे हैं और जोड़ रहे हैं, जिसका फल जल्द ही देशहित में मिलने वाला है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील राम ने प्लेन क्रैश पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते कहा की प्रत्येक पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिया जाए, उन्होंने कहा कि हम जिलाधिकारी से मिलकर जल्द से जल्द मृतकों के शवों को उनके घर लेन की मांग करेंगे।

## एक नजर

### इंजन में खराबी के कारण दो घंटे तक रेवती रेलवे स्टेशन पर रुकी रही सारनाथ एक्सप्रेस




**बलिया।** छपरा-वाराणसी रेल प्रखंड के रेवती रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की सुबह अप सारनाथ एक्सप्रेस के इंजन में खराबी आ जाने के कारण सुबह नौ बजे से साढ़े 11 बजे ट्रेन स्टेशन पर ही रूकी रही। जिससे लगभग आधादर्जन ट्रेनों का परिचालन बुरी तरह से प्रभावित हो गया। इस दौरान यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दो घंटे बाद छपरा से टेक्निकल टीम आई, तब जाकर ट्रेनों का आवागमन बहाल हो सका। स्टेशन अधीक्षक संजय सिह ने बताया कि गुरुवार की सुबह अप सारनाथ एक्सप्रेस के इंजन में खराबी आ जाने के कारण सद्भावना एक्सप्रेस सुरेमनपुर, छपरा-औड़िहार पैसेंजर ट्रेन बकुल्हा हाल्ट पर तथा दूसरी ओर कुछ डाउन ट्रेनें फेफना, चितबड़ागांव और ताजपुर डेहमा रेलवे स्टेशनों पर खड़ी रही। दोपहर 12: 10 बजे सारनाथ एक्सप्रेस बलिया रेलवे स्टेशन पहुंची। 12404 गोंदिया एक्सप्रेस और हमसफर एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। जबकि पैसेंजर डेढ़ बजे तक बलिया नहीं पहुंची थी। सूत्रों के अनुसार डाउन सेनानी एक्सप्रेस 4:30 घंटे, सद्भावना एक्सप्रेस एक घंटे, पवन ढाई घंटे, हमसफर डेढ़ घंटे तथा अप ट्रेनों में गोंदिया एक्सप्रेस एक घंटा, सद्भावना चार घंटे, सारनाथ 3 घंटे पैसेंजर ढाई घंटे विलंब से पहुंची। लगभग दो घंटे बाद ट्रेनों परिचालन बहाल होने के बाद यात्रियों के साथ-साथ रेलवे के अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### चोरी के सामान के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**बलिया।** मुखबिर की सूचना पर मनियर थाने की पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस ने एक अभियुक्त को पहले नारायणपुर से गिरफ्तार करने के बाद उसकी निशानदेही पर दूसरे अभियुक्त बांसडीह स्थित कबाड़ी की दुकान से गिरफ्तार किया। अभियुक्तगण धनंजय कुमार राम पुत्र छोटेलाल राम निवासी हरिजन बस्ती मनियर थाना मनियर जनपद बलिया उम्र करीब 19 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर नारायणपुर थाना बांसडीह से तथा धनंजय कुमार राम के कथनानुसार निशानदेही पर दीपक कुमार बिंद पुत्र स्वर्गीय रामाशंकर बिंद निवासी ग्राम राजपुर थाना बांसडीह जनपद बलिया उम्र करीब 24 वर्ष को उसकी कबाड़ी की दुकान थाना बांसडीह से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास भारी मात्रा में चोरी के सामान बरामद किए गए। दोनों अभियुक्तों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान किया गया है।

### डीएम ने गड़वार वृद्धाश्रम के संबंध में की बैठक, समस्याओं के निपटारे का दिया निर्देश



**बलिया।** डीएम सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कैंप कार्यालय में वृद्धा आश्रम,गड़वार बलिया से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम,गड़वार के प्रबंधक और सामाजिक सेवा कताओं से बातचीत की। उन्होंने जिलाधिकारी को बताया कि वर्तमान समय में गड़वार में 66 वृद्धजन रह रहे हैं जिनमें से 24 का अभी हाल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इन सभी लोगों को चश्मे की भी व्यवस्था कराई जाए। वहां के प्रबंधक घनश्याम सिंह ने बताया कि इस वृद्ध आश्रम में सभी प्रकार की सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाती है। साथ में वृद्धजनों को जिन्हें अपने परिवार में किसी भी तरह की समस्या है या उनके संतानों द्वारा उन्हें छोड़ दिया गया है उन्हें लाने के लिए वाहन की भी व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि ऐसे वृद्धजन जो परिवार द्वारा छोड़ दिए गए, किसी प्रकार की भी समस्या होने पर उनके मोबाइल नंबर 9415681335, 9696 839707 पर संपर्क कर सकते हैं। इसी संदर्भ में जिलाधिकारी ने कल बसंतपुर स्थित पुलिस चौकी का निरीक्षण किया जो वास्तव में वृद्धाश्रम है जो भारत सरकार द्वारा संचालित है। बारिश के समय में वहां पर जलजमाव की समस्या हो जाती है इस कारण से यह वृद्धाश्रम इस समय संचालित नहीं हो रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि विजईपुर रेगुलेटर के बन जाने से इस वृद्ध आश्रम से जलजमाव की समस्या खत्म हो जाएगी। जिससे बसंतपुर,वृद्ध आश्रम अगले वर्ष से कार्य करना शुरू कर देगा। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी, एएसपी के अतिरिक्त गड़वार आश्रम के प्रबंधक और सामाजिक सेवक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डॉ. भीमराव स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्य स्तरीय सब जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज

- डीएम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरुआत की

केटी न्यूज/मऊ

जिलाधिकारी अरुण कुमार ने राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर भीमराव स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में किया गया है। यह प्रतियोगिता 19 जनवरी से 26 जनवरी तक खेली जाएगी।इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी मंडलों की टीमें भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता के उपरांत राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक टीम का चयन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के समन्वय से किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित खेल विभाग के अधिकारियों एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को बधाई देते हुए इसके सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को खेल भावना से खेल का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ने को कहा। जिलाधिकारी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया। राष्ट्रगान के उपरांत प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच आजमगढ़ एवं देवीपाटन मंडल के बीच खेला गया। कार्यक्रम में एसीसी सीमेंट की सहभागिता रही। एसीसी के पदाधिकारी एवं डिस्ट्रीब्यूटर मौजूद रहे।

## सेना के जवान की पत्नी की पत्थर से सिर कूचकर हत्या

- सीओ सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे फॉरेंसिक टीम ने भी जांच शुरू की

केटी न्यूज/गाजीपुर

गुरुवार को दोपहर एक महिला की सिर कूंचकर हत्या कर दी। घटना शहर कोतवाली थाने के फतेहपुर सिकंदरा फुल्लनपुर निवासी सुरेंद्र सिंह की पत्नी सरिता सिंह (40) की दोपहर मकान के अंदर बेड पर अज्ञात बदमाशों ने सिर को पत्थर से कूंचकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक का पति सुरेंद्र सिंह आर्मी में हैं, जो राजस्थान में ट्रेनिंग कर रहे हैं।


घटना के बाद घर के बाहर जुटी लोगों की भीड़

दोपहर में मृतक के लड़का आदित्य घर के बाहर खेल रहा था। जबकि लड़की खुशी स्कूल गई थी। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी गौरव सिंह, शहर कोतवाल सुरेंद्र सिंह, क्राइम ब्रांच टीम रामाश्रय राय शक्ति टीम के प्रभारी रंभा सिंह, फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र सिंह बिरनो थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पांच साल पहले फतेहपुर सिकंदरा फुल्लनपुर में जमीन लेकर मकान बनाया और अपने परिवार के साथ रहने लगे। इनकी शादी 27 जनवरी 2004 में हुई थी। इस मामले में पुलिस का कहना है कि कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

हत्या की सूचना मिलते ही बिरनो ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह, फतेहपुर सिकंदरा फुल्लनपुर के ग्राम प्रधान अवधेश यादव और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। इससे पूर्व भी कुर्था गांव में एक महिला की इसी तरह हत्या की गई थी। जिसका खुलासा पुलिस ने कर दिया था। अब इस हत्याकांड का खुलासा पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। तफ्तीश विभिन्न बिंदुओं पर हो रही है। खुलासा कब तक होगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### बाबा किशून दास की कुटी पर हो रहे नौ दिवसीय रासलीला एवं रामकथा का २२२२२समापन

# अपने धर्म का पालन करना ही सबसे बड़ा धर्म: साध्वी दिव्यांशी

- श्रीकृष्ण द्वारा कंस का वध, देवकी व वासुदेव को कारागार से मुक्ति का दृश्य को देख भावविभोर हुए श्रद्धालु

केटी न्यूज/मऊ

आजमगढ़-मऊ मार्ग पर स्थित बाबा किशून दास की कुटी पर हो रहे नौ दिवसीय रासलीला एवं रामकथा का समापन दिवस था। इस कार्यक्रम में नौ दिवसीय गायत्री यज्ञ का भी आयोजन चल रहा था जिसके जिसकी पूणार्हुति पूरे विधि विधान के साथ समाप्त हुई। रास लीला के मंचन में कंस के वध की लीला दिखाई गई। श्री कृष्ण ने कंस का वध करके अपनी माता देवकी एवं वासुदेव को कारागार से मुक्त किया इस दृश्य को देखकर पूरी जनता भावविभोर हो उठी। इसके पश्चात सायं काल में भजन संध्या के कार्यक्रम में श्री सत्य प्रकाश सिंह योगी ने अपने सुंदर भजनों से पूरे वातावरण को भक्ति में मना दिया इसके पश्चात कथा श्रवण के कार्यक्रम में सर्वप्रथम लखीमपुर खीरी से पधारे हुए पंडित हेमंत मिश्र के मुख से इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात बिठूर धाम कानपुर से पधारे साध्वी बीवी दिव्यांशी जी ने अपने प्रवचन से पूरे वातावरण को आनंदित कर दिया उन्होंने अपने कथन बताया कि अपने धर्म का पालन करना ही सबसे बड़ा धर्म है अपने धर्म के प्रति लोगों को निष्ठावान एवं संस्कारवान होना चाहिए।


मंचासीन कथा वचक, साधवी व अतिथिगण

**राम के अयोध्या आगमन और राज्याभिषेक की कथा :** इसके पश्चात मुख्य प्रवक्ता के रूप में पंडित बाल गोविंद शास्त्री ने अपने कथा में रावण वध एवं राम का अयोध्या आगमन और राम के राज्याभिषेक की कथा बड़े भाव पूर्ण ढंग से सुनाई। उन्होंने बताया कि जिस दिन 14 वर्ष का वनवास पूर्ण हुआ भरत अधीर हो उठे उनका एक-एक पल व्यतीत नहीं हो रहा था। अपने मन में कई कुतर्क कर रहे थे, लेकिन हनुमान जी ने आकर प्रभु राम के आगमन की सूचना उनको दी और राम जी अयोध्या के राजा बने। इस प्रकार से बाल गोविंद शास्त्री जी के श्री मुख से बड़ी सुंदर कथा का श्रवण करने को मिला।

**सदस्यों और कार्यकताओं को किया गया सम्मानित:** दीप प्रज्ज्वलन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. उमेश सरोज उपस्थित रहे स्थित साथ में अभिनव तिवारी भी उपस्थित रहे कथा के समापन के पश्चात समस्त विद्वानों का यथोचित सत्कार किया गया अंग वस्त्र और माल्यार्पण कर उनका विदाई सम्मान किया गया। और इसी के साथ में समिति के समस्त सदस्यों और कार्यकर्ता बंधुओं का भी अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में श्री संतोष कुमार सिंह, कन्हैया सिंह, प्रमोद सिंह, विनोद पाठक, दीनानाथ सिंह, सूर्यभान सिंह, सूर्यनाथ , चंदन, मिलन, बबलू आदि मौजूद थे।